Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-14 **Issue**- 29
Ghaziabad, Sunday, 18 December- 2022

18 December to 24 December- 2022

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

www.tbcgzb.com
Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5



Page 7




# गाजियाबाद सेफरोन और इंदिरापुरम गैलोर द्वारा इंटरेक्ट क्लब की स्थापना



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित जी डी गोयनका में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर द्वारा इंटरेक्ट क्लब की स्थापना की गई।

बता दें कि जीडी गोयनका इंदिरापुरम हमेशा से ही छात्रों को विविध मंच प्रदान करता रहा है ताकि खुले दिमाग की सोच को प्रोत्साहित किया जा सके। इसके साथ ही समाज के प्रति अपने कर्तव्य के प्रति वह सचेत रहें। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर और क्लब ट्रेनर डॉ.धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि गाजियाबाद सेफरोन और इंदिरापुरम गैलोर की ओर से जरूरतमंद छात्रों के हित में काम किया जाएगा। उनकी संस्था की ओर से टीबी से ग्रसित बच्चों को संतुलित आहार बांटना, सेनेटरी फूड वितरण करने के लिए कई अभियान चलाए जा रहें हैं। उन्होंने छात्रों को सामुदायिक सेवा की ओर प्रोत्साहित करते हुए इंटरेक्ट क्लब के छात्रों को बैजेस बांटे' रोटरी क्लब के चार्टर प्रेजिडेंट और क्लब ट्रेनर व समाजसेवी डॉ.धीरज कुमार भार्गव द्वारा 'इंटरेक्ट क्लब' की स्थापना की गई' रो मनीषा भार्गव और रो कुनिका भार्गव ने कहा कि रोटरी की ओर से समाज के जरूरतमंद की मदद के लिए समय-समय पर अभियान चलाकर उनको लाभान्वित किया जाता है। इंटरेक्ट क्लब को भी पूरा सहयोग किया जाएगा।

विद्यालय की शिक्षा निर्देशिका स्मिता मल्होत्रा, उप प्रधानाचार्य शालीन वडेरा तथा क्लब इंचार्ज की मौजूदगी में यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की सराहना की गई।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा (पंजी) के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने वैद्य गोपाल दत्त शर्मा





**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित जेकेजी इंटरनेशनल में पंडित महामना मोहन मालवीय द्वारा सन-1939 में स्थापित अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक हुई। जिसमें चुनाव अधिकारी पंडित आरके शर्मा एवं सहायक चुनाव अधिकारी डा एस कुमार ने बताया कि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए एक ही नामांकन प्राप्त हुआ है, जो वैद् पाया गया है। इसलिए पं0 वैद्य गोपाल दत्त शर्मा को निर्विरोध महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों ने निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर पं0 वैद्य गोपाल दत्त शर्मा को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बने पं0 वैद्य गोपाल दत्त शर्मा ने सबको धन्यवाद प्रेषित किया। इसके साथ ही समाज को शक्ति प्रदान करने, एकजुटता से काम करने और सभी ब्राह्मण सभाओं से एक साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। तथा ब्राह्मणा के हित में तन मन धन से कार्य करने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर समस्त भारत से आए राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा महासभा की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए बताया कि जल्द ही नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी ताकि महासभा पूरी शक्ति के साथ कार्य कर सके। इस दौरान पंडित दिग्विजय दीक्षित, जेके गौड़, आचार्य विशन कौशिक, तरूण मिश्रा, हरिओम शर्मा, जयनन्द शर्मा , प्रदीप कुमार शर्मा, नरेश पाल, देवेंन्द्र भारद्वाज, पीताम्बर शर्मा, देवदत्त शर्मा (बुलन्दशहर), बीडी शर्मा, बृज मोहन शर्मा , देवदत्त शर्मा (दिल्ली), जे0पी0 भारद्वाज (हरियाणा), राजेन्द्र शर्मा (पंजाब), आर0के0 शर्मा(उत्तराखण्ड), सुनील दत्त भारद्वाज (चण्डीगढ), एल0डी0 शर्मा (राजस्थान), गोपाल झा (बिहार), सुजाय बनर्जी (वेस्ट बंगाल), डा0 सिद्धार्थ ताहू (उडीसा), विनोद कुमार शर्मा (झारखण्ड), डा0 सीता रमण राम शास्त्री(केरला), राज कुमार शर्मा (जम्मू कष्मीर), जगननिधि शर्मा (राजस्थान), प्रदीप भाइ दुबे, आनन्द पाठक (छत्तीसखण्ड) आदि मौजूद रहे। सभी ने नव निर्वा चित राष्ट्रीय अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

## TIRUPATI EYE

### मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कराएगी यूपी सरकार

लखनऊ। राज्य सरकार सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले मेधावियों को मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कराएगी। इसके लिए कोचिंग चलाने वाले नामी संस्थानों को जोड़ा जाएगा और हर वर्ष लगभग 1000 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं कक्षा छह से आठ और कक्षा 9 से 12 तक के लिए गणित व विज्ञान विषय में 'राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा' भी करवाई जाएगी। इन मेधावियों को स्नातक तक स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। राज्य प्रतिभा खोज परीक्षा इस संबंध में समग्र शिक्षा अभियान के तहत अलग-अलग कैबिनेट प्रस्ताव भेज दिए हैं। राज्य प्रतिभा खोज के तहत न्याय पंचायत स्तर पर कक्षा 6-8 तक के तीन-तीन गणित व विज्ञान के मेधावियों का चयन होगा। जिला स्तर पर 49494 मेधावी पहुंचेंगे और राज्य स्तर की चयन प्रक्रिया में 75 जिलों से तीन-तीन मेधावी गणित व विज्ञान के चुने जाएंगे। चयनितों की कुल संख्या 450 होगी। इन्हें एक हजार रुपये महीना स्कॉलरशिप स्नातक तक दी जाएगी,बशर्ते अगली कक्षाओं में 60अंक आते रहें। नीट व जेईई की परीक्षाओं की तैयारियों के लिए देश में मौजूद नामी कोचिंग संस्थानों के साथ करार किया जाएगा। वैसे ये संस्थान तैयारी करवाने के लिए लाखों रुपये लेते हैं लेकिन सरकारी स्कूलों को ये संस्थान कॉरपोरेट सोशल रिसपांसिबिलटी के तहत सेवाएं देंगे।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
**BUREAU CHIEF**
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
**Contact for Press Release and Advertisements**

# कारवा सोसाइटी में दो पागल कुत्ते ने 50 लोगों को काटा



**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर-5 स्थित कारवा सोसाइटी के लोगों ने मंगलवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। वे आवारा कुत्तों से परेशान थे। उनकी मांग थी कि आवारा और पागल कुत्तों को सोसाइटी से पकड़कर दूर किया जाए। डॉक्टर नारंग ने बताया, सोसाइटी में अब तक 50 लोगों को कुत्ते काट चुके हैं। डर के माहौल से लोगों ने घूमना कम कर दिया है। बच्चों ने खेलना बंद कर दिया है। आए दिन घटना बढ़ रही हैं। कोई अनहोनी न हो, इसलिए प्रशासन सही समय से इसका समाधान करे। डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, सोसाइटी में पांच आवारा कुत्ते हैं। इसमें दो पागल हो चुके हैं जो हर दूसरे दिन किसी न किसी व्यक्ति को काट लेते हैं। नगर निगम द्वारा इन कुत्तों का टीकाकरण और बध्याकरण किया जा चुका है। लेकिन अब स्थिति इतनी विकट हो गई है कि इन आवारा कुत्तों को सोसाइटी से दूर किया जाए। नगर निगम के अफसरों ने आश्वासन दिया कि टीम भेजकर आवारा कुत्ते पकड़वाए जाएंगे।

# यशोदा अस्पताल में एक साल में कैंसर की 100 सर्जरी से बनाया रिकार्ड



**गाजियाबाद।** संजयनगर स्थित यशोदा हॉस्पिटल एंड कैंसर इन्सटीट्यूट ने एक साल में 100 कैंसर रिंकस्ट्रक्टिव एवं प्लास्टिक सर्जरी करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। दावा है कि ओंको प्लास्टिक सर्जरी विद फ्लैप री-कंस्ट्रक्शन का ये डेटा दिल्ली-एनसीआर के सभी कैंसर अस्पतालों की तुलना में ज्यादा है।

मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हॉस्पिटल समूह के निदेशक डॉ. रजत अरोड़ा ने कहा, 'पहले की तुलना में आज हमारे देश में कैंसर जैसी लाइलाज लगने वाली बीमारी का बहुत बेहतर इलाज होने लगा है।

ये न सिर्फ टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड है बल्कि कैंसर को जड़ से खत्म करने में भी सक्षम है। यशोदा हॉस्पिटल संजयनगर में हाई एंड टैक्नोलॉजी और भारतीय सेना के पूर्व डॉक्टरों के मिश्रण से एक साल में 100 से ज्यादा प्लास्टिक सर्जरी हुई हैं, जो एक रिकॉर्ड है।

आर्मी हॉस्पिटल के पूर्व प्लास्टिक सर्जन कर्नल डॉक्टर मुहम्मद आलम परवाज, शिवम डंग, मेजर जनरल नवदीप की टीम हर महीने 30-40 सर्जरी कर रही है। टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से ट्रेंड कैंसर सर्जन, डॉक्टर अरविन्द कुमार त्यागी सहित डॉ. आदर्श कुमार की टीम ने हाइली सक्सेसफुल ओंको-रीकंस्ट्रक्टिव सर्जरी पूरी की। यशोदा ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. दिनेश अरोड़ा ने कहा, यहां रोबोटिक तकनीक से भी कैंसर सर्जरी हो रही है। इससे न केवल ब्लड लॉस कम होता है, बल्कि इसका रिकवरी रेट भी बहुत बेहतरीन है।

# गाजियाबाद जिले में पहुंची कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा'



**गाजियाबाद।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' मेरठ से बढ़कर मंगलवार सुबह गाजियाबाद जिले में प्रवेश कर गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। कार्यकताओं ने इसके जरिये यूपी में जल्द आने वाली राहुल गांधी की यात्रा को लेकर जोश भरा। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। माना जा रहा है कि नोएडा या गाजियाबाद के रास्ते राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में एंट्री करेंगे। गाजियाबाद में इस यात्रा का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीदमुद्दीन सिद्दीकि ने किया।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ये यात्रा 9 दिसंबर को नोएडा से शुरू हुई थी और इसका समापन 22 दिसंबर को रामपुर में होगा। गाजियाबाद के बाद ये यात्रा आज यानि मंगलवार शाम को बागपत जिले में एंट्री करके रात्रि विश्राम करेगी। बुधवार को यात्रा बागपत जिले में निकलेगी।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को शिक्षा को प्रति किया जागरूक



**गाजियाबाद।** ग्राम गढ़ी गदाना एवं ग्राम भोजपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया गया। राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा नामित श्रीमंत संस्कार संस्था की नुक्कड़ नाटक टीम की ओर से यह आयोजन किया गया। जहां पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनसाधारण को शिक्षा के प्रति, छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के प्रति, बालिका शिक्षा के प्रति लिंग भेदभाव के प्रति जागरूक किया गया। सरकार द्वारा चलाई गई शिक्षण ऐप की जानकारी भी दी गयी। एमएलए डॉ मंजू शिवाच जी ने हाल ही में हुई घटना में एक छोटी सी बालिका की बहादुरी के बारे में बता कर दूसरी बालिकाओं को प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्हें निडर बने रहने की सलाह दी। एलएलएम टॉप करने वाली लड़की के उदाहरण से पढ़ाई करके आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। बीडीओ भोजपुर सुधीर ने गांव वालों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा गौरव त्यागी, जिला बालिका शिक्षा नोडल पूनम शर्मा ने एवं एसआरजी गाजियाबाद देवांकुर ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु प्रेरित किया। गदाना ग्राम प्रधान रेखा एवं उनके पति विशाल चौधरी ने ग्राम प्रधान भोजपुर शाहिद चौधरी ने सब को पूर्ण विश्वास दिलाया कि वह शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव सहयोग करेंगे तथा प्रयास करेंगे कि गांव का प्रत्येक बच्चा शिक्षित हो।

कार्यक्रम के सफल संचालन में बालिका शिक्षा नोडल ब्लॉक भोजपुर श्रीमती सुचिता, श्रीमती प्रीति, श्रीमती अर्चना आहूजा एवं गदाना गढ़ी की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंचल शर्मा उनका स्टाफ, क.वि.औ .गदाना प्रधानाध्यापिक प्रधानाध्यापक श्री मांगेराम जी एवं उनके स्टाफ तथा भोजपुर प्रधानाध्यापिका श्रीमती कुसुम लता एवं उनके के स्टाफ तथा राशन डीलर गौरव जी तथा एसएमसी अध्यक्ष इकबाल ने पूर्ण सहयोग दिया।

# अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाया अभियान चलाया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री व परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी टीम गाजियाबाद द्वारा थाना लोनी व टीला मोड़ अंतर्गत मथुरापुर, भूपखेड़ी, महमूदपुर तथा हिंडन खादर क्षेत्र आदि स्थानों पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा करीब



1500 किलोग्राम लहन बरामद हुआ। अवैध कच्ची शराब को कब्जे में लेकर लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम के तहत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# आरडब्ल्यूए फेडरेशन और फ्लैट ओनर फेडरेशन ने बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा




**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ के निर्देशानुसार उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नगर निगम मुख्यालय में गाजियाबाद आरडब्ल्यूए फेडरेशनऔर फ्लैट ओनर फेडरेशन की पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कर्नल टीपीएस त्यागी सहित लगभग 25 पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने क्षेत्र की समस्या बताई। इंदिरापुरम, राज नगर एक्सटेंशन व अन्य ऐसी सोसाइटी जोकि जीडीए को हैंडोवर है, उनकी आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने भी अपनी समस्या से नगर निगम को अवगत कराया।

जिसमें नगर निगम द्वारा जीडीए को पत्राचार करते हुए समस्या का समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। इसके साथ ही सम्मानित जनों ने सफाई संबंधित, सीवर संबंधित, प्रकाश विभाग संबंधित शिकायतें मुख्य रूप से नोट कराई।

जिनको आगामी एक सप्ताह के भीतर निस्तारित कराने के लिए विभागीय अधिकारियों को नगर आयुक्त ने निर्देश दिए बैठक में नगर निगम द्वारा आए हुए आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का पुष्प देकर स्वागत किया गया।

# निगम मनाएगा गाजियाबाद शहर का जन्मदिन, जानकारी जुटाने में जुटे निगम अधिकारी

**गाजियाबाद।** नगर निगम की ओर से अब गाजियाबाद शहर का जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए अधिकारियों की ओर से गाजियाबाद की स्थापना और कब इसका नामकरण हुआ, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। गाजियाबाद एक पुराना शहर है। यहां कई और विख्यात स्मारक हैं।




शहर के गौरवशाली इतिहास के साथ जुड़ते हुए शहर के लोगों के साथ हर साल एक आयोजन किया जाए। इसके लिए गाजियाबाद शहर का जन्मदिन मनाने की योजना निगम ने बनाई है। नगर के इतिहास, संस्कृति एवं सभ्यता के प्रति नागरिकों के अंदर गौरव की अनुभूति जागृत करने तथा नगर के विशिष्ट पहचान सुनिश्चित करने के लिए नगर के प्रमाणिक सृजन तिथि को नगर के जन्म दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। जिसके क्रम में नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने जन्मदिवस को धूमधाम से बेहतर तरीके से मनाए जाने के लिए टीम बनाई है। जिसमें शिवपूजन यादव अपर नगर आयुक्त को नोडल नामित करते हुए निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने बताया कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में प्रदेश के नगरों की विशिष्ट विशेषताओं को उद्घाटित करते हुए देश में उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए नगरों के सृजन दिवस को नगरों के जन्म दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए नगरों के अस्तित्व में आने के संबंध में प्रमाणिक तिथि, ऐतिहासिक घटनाओं को तिथिवार लिपिबद्ध करने, ऐतिहासिक, पौराणिक विरासत, स्थल पार्क को सूचीबद्ध करने, नगर के महापुरुषों से संबंधित प्रेरक प्रसंगों को संकलित करने, नगर के आर्थिक विकास के परियाचक उद्योगों को नगर की पहचान की मुख्य अवयवों में समाहित करने, पर्यावरण परिस्थितिकी के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं उत्सव के दौरान नगर की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण के लिए कार्य योजना बनाई जा रही है।

जिससे शहर में बहुत ही उत्साहित माहौल बनेगा। साथ ही स्वच्छता में शहर निवासी अपनी भागीदारीता भी सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम द्वारा इस प्रकार के आयोजन से ना केवल संस्कृति, ऐतिहासिक तथा सभ्यता को याद करने का ही कार्य नहीं किया जा रहा है। बल्कि नगरों के जन्मदिवस पर पर्यावरण परिस्थितिकी, नदियां, तालाबों ग्रीन फॉरेस्ट, बायोडायवर्सिटी पार्क जैसे स्थानों पर वृहद स्तर पर विशेष सफाई अभियान भी आयोजित किए जाएंगे।

## शैक्षिक सत्र 2022-23 का वार्षिक स्कॉलरशिप वितरण समारोह



**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शैक्षिक सत्र 2022-23 का वार्षिक स्कॉलरशिप वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की हेड टीचर सुसन होम्स ने आमंत्रित अभिभावकों का स्वागत किया गया।

समारोह में कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को अभिभावकों के सामने स्कॉलरशिप चैक्स व प्रमाण पत्र देकर, माला पहनाकर सम्मानित किया। नेहरू वर्ल्ड स्कूल प्रतिवर्ष दिसंबर से मई तक कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप व प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है, जिसमें प्राप्त अंकों के आधार कक्षा ग्यारहवीं में 100 प्रतिशत या 110 प्रतिशत स्कॉलरशिप आवंटित की जाती है। बारहवीं कक्षा में इस स्कॉलरशिप को जारी रखने के लिए छात्रों को ग्यारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। इसी अवसर पर नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने अपनी परंपरा को बनाए रखते हुए, शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 93 विद्यार्थियों को कुल 1 करोड़ 25 लाख दो हजार 686 रुपए की छात्रवृत्ति के चेक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त 3 छात्रों को राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एनटीएसई) के लिए व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। अंत में निदेशक अरुणाभ सिंह अपने धन्यवाद सम्बोधन में छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सफल विद्यार्थियों से प्रेरणा लेकर अनवरत अग्रसर रहने का शुभाशीष दिया।

## गन्ना रेट घोषित करने की मांग, 19 दिसंबर को समितियों पर तालाबंदी करने का ऐलान

**गाजियाबाद।** गन्ने का रेट घोषित हुए बिना ही खरीद शुरू होने और भुगतान नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन असली (अराजनैतिक) ने बुधवार को गाजियाबाद में डीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी ने कहा, उत्तर प्रदेश में चीनी मिलों के पेराई सत्र को शुरूआत हुए एक महीना से ज्यादा वक्त हो चुका है। लेकिन गन्ने का दाम सरकार ने अब तक घोषित नहीं किया है। यह प्रत्यक्ष रूप से किसान का शोषण है।



गन्ना कंट्रोल ऑर्डर में किसानों को 14 दिन में पेमेंट करने की बात तय है। लेकिन जब रेट ही तय नहीं हुआ तो पेमेंट करने की बात दूर की है। जिलाध्यक्ष ने कहा, अब किसान की बर्दाश्त की शक्तियां खत्म हो गई हैं। यदि 18 दिसंबर तक गन्ने का भाव स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट के अनुसार लाभकारी घोषित नहीं हुआ तो किसान पूरे प्रदेश की गन्ना समितियों पर 19 दिसंबर को तालाबंदी करेंगे। किसानों ने कहा कि आज पूरा गन्ना विभाग डिजिटलाइज कर दिया है और इसका कंट्रोल लखनऊ को दे दिया गया है। ऐसे में गन्ना समितियों की छोटी से छोटी समस्या का निस्तारण भी जिले के गन्ना अधिकारी कर नहीं पा रहे हैं। ज्ञापन के जरिए किसानों ने मांग की है कि गन्ना समितियों की समस्या निस्तारित करने के अधिकार पुनः जिला गन्ना अधिकारी को दिए जाएं। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष मोनू शर्मा, नगर अध्यक्ष दीपक, आयुष शर्मा, इंद्रजीत सिंह, राजेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव उन्मूलन के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में महिला कल्याण विभाग की टीम के द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल इंटरनेशनल में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव उन्मूलन के विषय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रिंसिपल सोमा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित अधिनियमों के प्रति जागरूक किया गया।



इसके साथ ही सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। साइबर क्राइम, महिला हेल्पलाइन, किशोर न्याय अधिनियम 2015 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, पोक्सो अधिनियम 2012 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, 181 महिला हेल्पलाइन, इमरजेंसी सपोर्ट सिस्टम 112, चिल्ड्रेन हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड एवं सामान्य आदि योजनाओं के बारें में जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि वह अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस मौके पर कमल सिंह सिविल जज सीनियर डिवीजन, नेहा वालिया, महिला कल्याण अधिकारी, लोकेद्र सिंह, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, सौरभ प्रताप सिंह इंस्पेक्टर साइबर क्राइम, मोनिका चौधरी, जेएस गाजियाबाद मौजूद रहे।

## निकाह से बैंडबाजा और आतिशबाजी का प्रयोग नहीं किया को निकाह नही पढ़ेंगे मौलाना

**गाजियाबाद।** नये साल में यानी एक जनवरी से बैंडबाजा और आतिशबाजी वाली बरात में मौलाना निकाह नहीं पढ़ाएंगे। ध्वनि प्रदूषण और सड़कों पर लगने वाले जाम को ध्यान में रखकर मुस्लिम महासभा बड़ा फैसला लिया है। महासभा के उत्तर प्रदेश प्रभारी हाजी नाजिम ने बताया कि पिछले सात महीने से राष्ट्रीय स्तर पर हर जिले के मौलानाओं से वार्ता चल रही थी। हाजी नाजिम ने बताया कि बीते दिनों राजस्थान में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान खान की अध्यक्षता में पूर देश के मौलानाओं के साथ बैठक हुई थी। इसमें शादी में बैंडबाजे और आतिशबाजी पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों के मौलानाओं ने इस फैसले पर रजामंदी दे दी है। हाजी नाजिम का कहना है कि इस्लाम में शादी में बैंडबाजे और आतिशबाजी पर रोक है। शरीयत में इसका जिक्र है। नूर इलाही मस्जिद के इमाम मौलाना वजीर अहमद कहते हैं कि शरीयत में इसे फिजूल खर्ची बताया गया है। बैंडबाजे और आतिशबाजी से निकलने वाली तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण तो फैलता ही है साथ ही आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। वही, मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान खान का कहना है कि महासभा की ओर से समाज के सभी लोगों से अपील की जा रही है कि बैंडबाजे और आतिशबाजी पर खर्च करने की बजाय गरीब बच्चों की तालीम पर खर्च किया जाय।

# Editorial

## Celebrating the confluence of cultures

Uniting India spiritually, culturally and historically has been one of the main missions of Prime Minister Narendra Modi. A sterling example of this is the month-long "Kashi-Tamil Sangamam", which will culminate on December 16 in the world's oldest living city — Kashi, also known as Varanasi. While inaugurating this cultural and spiritual extravaganza last month, PM Modi said that "Kashi is the cultural capital of India whereas Tamil Nadu and Tamil culture are at the centre of India's antiquity and glory". He drew several parallels between Kashi and Tamil Nadu to give the message that India is a united country, and its traditions and heritage are strongly interwoven. The Kashi-Tamil Sangamam is the confluence of Kashi and Tamil Nadu, which are timeless centres of Indian civilisation. It is an effort to strengthen the bond between the North and South, make people aware of the cultural proximity of the two centres and bring the young generation closer to great Indian traditions, arts, culture and religion. Today, Kashi's glory has been restored as the global centre of spiritualism and culture. We also have Dakshin Kashi in Tamil Nadu. When PM Modi says both have their importance in the form of "Kashi-Kanchi" in the "Sapta Puris" (the seven holy pilgrimage sites in Hinduism), he takes us on a journey from Baba Vishwanath Dham in Kashi to Lord Rameshwaram in Tamil Nadu. PM Modi says, "Both Kashi and Tamil Nadu are the birthplaces and 'karma bhoomi' (workplace) of the greatest acharyas of Indian spirituality. Kashi is the land of devotees of Tulsi, while Tamil Nadu is the land of Saint Thiruvalluvar. You can find the same energy in different colours of Kashi and Tamil Nadu in every sphere and dimension of life...

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

## Rahul Dravid reveals how he handled Virat Kohli during his lean patch: You have to look beyond numbers

India head coach Rahul Dravid is back with the side after a short break after the T20 World Cup. The head coach has undertaken the tour of Bangladesh, and has set his eyes on the ODI World Cup 2023, set to be held in India. One of the biggest assests of the Indian team, Virat Kohli found his form back after an extended lean patch under Dravid, when he broke the shackles and scored a century against Afghanistan in the Asia Cup 2022. Kohli continued his form in the T20 World Cup, coming out as the best batter from the Indian side. He scored an iconic 82* against Pakistan, an innings that will go down as one of the best T20 knocks played by him in his career. Dravid, who has been at the helm since late 2021, said that as a coach it is always tough as a coach to watch when a player at the stature of Virat Kohli is going through rough patch of form.

"It was not easy for him since the standards that he has set for himself," Dravid told official broadcaster



SonyLiv in an interview.

However, the former Indian batter said that it has been fantastic to watch Kohli train and prepare for his game.

"It has been a fantastic to watch Virat Kohli train and prepare over the last one and a half years," Dravid further added.

Asked about how he dealt with Kohli's form as a coach, Dravid said that it was important to realise that Kohli had not batted poorly at the time when half centuries and centuries were not coming. "As coaches it is our job to look beyond those numbers and see that he had batted really well in that period of time," the India head coach concluded. In the Bangladesh series, Kohli scored a century in the final ODI of the three-match series, putting up his 72nd career hundred.

# Bangladesh vs India: After Cheteshwar Pujara, Shreyas Iyer misses out on hundred

India middle order batter Shreyas Iyer fell just short of his 2nd Test match century on the second day of the first Test match between India and Bangladesh. Iyer was dismissed in the morning session of the Day 2 by pacer Ebadot Hossain, who dismissed the batter with a peach, crashing the ball into the off stump. This was not the first time that Ebadot hit Iyer's off stump. He did so, late on Day 1 as well, in a delivery on the off stump that stayed low.



Outfoxed Iyer in the 84th over of Day 1 failed to negotiate that. However, to Ebadot's ill luck, the zing bails did not come off and Iyer remained in the crease. The Kolkata Knight Riders captain combined with Cheteshwar Pujara to rebuild the Indian innings, after the top order of Shubman Gill, KL Rahul and Virat Kohli failed to score big. The duo put together 149 runs in 317 balls to keep India in the game. While Pujara was dismissed at 90 on Day 1, Iyer survived. However, he remained agonisingly short of a well deserved century on the second day. Speaking after the conclusion on first day, Pujara said that it was a difficult pitch to bat on and that India would be in a decent position if they were to score 350 in the first innings. He spoke about the turn and the variable bounce that the track offered from the second over of the game. However, if the history of Chattogram is anything to go by, Chattogram does tend to get better as a batting track as the match progresses.

## Andrew Flintoff's son Corey reveals former England all-rounder is 'lucky to be alive' after terrifying crash

Former England all-rounder Andrew Flintoff's son said his father was "lucky to be alive" after a car accident while filming an episode of the BBC's "Top Gear" show.

Flintoff, who retired from cricket in 2010 and joined Top Gear as a host in 2019, was treated at the accident scene before being taken to a hospital on Tuesday, with the BBC reporting that his injuries are not life-threatening. The incident happened at Top Gear's test track at Dunsfold Park Aerodrome in Surrey. I'm not too sure what happened but he is lucky to be alive," Flintoff's 16-year-old son Corey told the Daily Mail on Wednesday. "It was a pretty



nasty crash. It is shocking. We are all shocked but just hope he's going to be OK."

While many people now associate Flintoff with his television work, he is best remembered as a star all-rounder, most notably during the unforgettable Ashes victory in 2005. He went on to lead his country, earning 79 Test caps and 148 limited-overs appearances. Nasser Hussain, one of his predecessors as England captain, is commenting on the current tour of Pakistan and reports that Ben Stokes' team has been thinking of Flintoff since hearing the news.

"We have been following it out here and trying to get in touch with Freddie's agent and people around Freddie," Hussain told Sky Sports.

"The England team are in their team room and they're a little bit concerned. Fingers crossed that Freddie is OK. He is a larger than life character. Hopefully, good news will follow." Meanwhile, the Health and Safety Executive has said it is looking into the accident. HSE is aware of this incident and is making inquiries," said a spokesperson.

## Is Karim Benzema rejoining France's FIFA World Cup squad? Didier Deschamps refuses to comment

France coach Didier Deschamps refused to comment on whether Karim Benzema is rejoining the squad for the FIFA World Cup 2022 final. France, who are looking to clinch their second successive World Cup title, defeated Morocco 2-0 to set up a summit clash with Argentina on December 18. There have been reports that the 2022 Ballon d'Or winner Benzema could return to Qatar for the final, having returned to full training with



Real Madrid. Benzema was originally named in Deschamps' World Cup squad before being ruled out after picking up a thigh injury during training on the eve of the tournament.

It is to be noted that Deschamps never replaced Benzema, which means he is still eligible for a return. The France coach declined to comment on the report instead of denying it. "I don't really want to answer that question," Deschamps told FOX Sports. "Next question. I do apologize." France camp has been hit by illness recently as midfielder Adrien Rabiot and defender Dayot Upamecano did not train on Tuesday. None of them featured in the semi-final against Morocco.

# दादा दादी की स्मृति में केला राम प्रथम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**गौतमबुद्ध नगर।** छोटा मेवाड़ बिसाडा गांव के इंटर कालेज के स्टेडियम में समाज सेवी रुद्रप्रताप शिसोदिया ने अपने दादा स्व राजा राम व दादी स्व केला देवी की स्मृति में प्रथम क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। क्रिकेट टूर्नामेंट 11दिसंबर से 18 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में क्रिकेट गेम को बढ़ावा देने और क्षेत्र के युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में 22 टीम भाग लेने के लिए पहुंची। विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा। उप विजेता टीम को भी पुरुष्कार दिया जाएगा। रुद्रप्रताप नोएडा में रहकर भी गांव में आए दिन सामाजिक कार्यक्रम कर अपनी संस्कृति को बचाए हुए हैं। वरना लोग शहर में जाकर गांव को भूल जाते हैं और रोजी रोटी कमाने में लग जाते है। वह प्रति वर्ष वैवाहिक परिचय सम्मेलन जैसे कई सामाजिक कार्यक्रम भी कराते रहते है।

# मोदीनगर में फिट इंडिया खेल सप्ताह शुरू



**मोदीनगर।** तुलसी राम माहेश्वरी पीबीएएस कन्या इंटर कालेज में मंगलवार को फिट इंडिया खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ संगीता शर्मा ने विशिष्ट अतिथि राधिका माहेश्वरी का बुके देकर अभिनंदन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रज्ञांशी व वंशिका मिश्रा विजय रहे। रस्सी कूद में जूनियर में खुशी प्रथम सोफिया द्वितीय, अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर में तनु प्रथम रेनू द्वितीय व अंशिका ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक राकेश शारदा व विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य सुरेश कुमार जैन व दिनेश चन्द शर्मा ने छात्राओं द्वारा किये गये योग व पीटी की सराहना की। मोदी साइंस एण्ड कामर्स कॉलिज के प्रधानाचार्य सतीश चन्द अग्रवाल व रुक्मिणी मोदी महिला विद्यालय की प्रधानाचार्या सुलक्षना ने छात्राओं को योग व खेल के बोर में प्रोत्साहित किया। अन्शु सिंह, शिवानी बंसल, श्यामलाल ने भी उपस्थित होकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में सरोज, कु शुभागी व विद्यालय के समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। दिल्ली मेरठ मार्ग पर काईट स्कूल ऑफ फामेर्सी द्वारा मंगलवार को मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फोर्टिस अस्पताल के न्यूरोलाजी ,स्त्री रोग , आथोर्पेडिक्स व पल्मोनोलॉजी सहित अनेक चिकित्सकों ने शिक्षक ,छात्र व अन्य स्टॉफ की जांच की। स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ कॉलेज के निदेशक डॉ. ए गर्ग ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर में 250 से अधिक का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# 10 राज्यों के 250 खिलाडियों ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गाजियाबाद।** महामाया स्टेडियम में 9 से 11 दिसंबर तक चली राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप एवं भारत की पहली प्रो ताइक्वांडो लीग में वसुंधरा एकेडमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा। इस एकेडमी के 13 वर्षीय ब्लैक बेल्ट खिलाड़ी व्योम त्यागी ने अंडर-41 किलोभार कैडेट वर्ग में दो गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने पूमसे एवं क्योरगी में ये दोनों मेडल जीते हैं। व्योम त्यागी ने अपने प्रतिद्वंदी लखनऊ के खिलाड़ी को 19-10 से मात दी और चारों फाइट जीतीं। व्योम त्यागी इससे पहले भी गोवा, आगरा, पंजाब, लखनऊ, फरीदाबाद, दिल्ली, बिजनौर, मेरठ में राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पदक जीत चुके हैं। महामाया स्टेडियम में



तीन दिन चली राष्ट्रीय ताइक्वांडो में देशभर के 10 राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तेलांगना, उत्तराखंड, बिहार, पंजाब, राजस्थान, चंडीगढ़ के लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप के प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल ने खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजक नरेश कुमार सिंह रहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दयाचंद भोला ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन पूर्ण रूप से सफल रहा। प्रो ताइक्वांडो लीग की शुरूआत की गई है। उम्मीद है इससे भारत में ताइक्वांडो के गेम में नये युग की शुरूआत होगी। अगली बार यह प्रतियोगिता इससे भी बड़े स्तर पर की जाएगी।

# नगर आयुक्त ने बच्चों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ



**गाजियाबाद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर अफसरों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने सोमवार को गाजियाबाबद में कई बूथों का दौरा किया। नगरायुक्त के साथ निर्माण विभाग की टीम ने स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखी। रजापुर वार्ड संख्या 18, महरौली वार्ड संख्या 24, गोविंदपुरम वार्ड संख्या 30 व अन्य स्कूल जो कविनगर जोन में स्थित है, उनका जायजा लिया गया। मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, अवर अभियंता राजेंद्र निर्माण टीम के साथ उपस्थित रहे। स्कूल प्रांगण, कक्षाओं की स्थिति, रैंप सीढ़ियां की स्थिति का जायजा लिया गया। स्कूल के प्रबंधक व अध्यापकों से भी वार्ता करते हुए व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की गई। नगरायुक्त नितिन गौड़ ने कक्षाओं के अंदर जाकर बच्चों से बातचीत भी की। उन्होंने स्कूल की सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता आदि के बारे में बच्चों को जागरुक किया। उन्होंने बच्चों से कूड़ा गाड़ी के बारे में जाना।

# 35 महिलाओं को 13 दिन तक सॉफ्ट टॉयज बनाने की ट्रेनिंग मिलेगी



**गाजियाबाद।** स्वालंबन के तहत रुडसेट संस्थान सॉफ्ट टॉयज बनाना सिखा रहा है। लोनी क्षेत्र के गांव निठोरा में 13 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू हो गया है। इसमें 35 महिलाएं सॉफ्ट टॉयज बनाने की ट्रेनिंग लेंगी और इसके बाद अपना रोजगार शुरू करेंगी। ट्रेनिंग शिविर का उदघाटन लोनी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी प्रहलाद सिंह ने किया। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कहा कि अगर किसी प्रतिभागी को रोजगार स्थापित करने में मदद जाएगी तो वो ब्लॉक की ओर से दी जाएगी। डोमेन स्किल ट्रेनर बबीता के द्वारा इन 35 महिलाओं को 13 दिन तक सॉफ्ट टॉयज बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें विभिन्न प्रकार के टेडी बियर, बंदर, हैंगिंग फ्लॉवर, चिड़िया, भालू, भगवान गणेश आदि के टॉयज बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा स्वरोजगार का महत्व, उद्यमिता विकास, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, लक्ष्य निर्धारण, बाजार सर्वेक्षण, डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी इन महिलाओं को जानकारी दी जाएगी। संस्थान की निदेशक सुमनलता शर्मा ने कहा कि हम इसी सप्ताह इलेक्ट्रिक मोटर रिवेंडिंग का प्रशिक्षण भी शुरू करने जा रहे हैं। इस मौके पर दिनेश तोमर, तरुण शर्मा, ग्राम प्रधान सतवीर, एडीओ अरुण यादव, रुस्तम, ग्राम सचिव हरीशचंद्र, समूह सखी पूनम आदि मौजूद रहे।

# दुकानदारों को चार गुणा से ज्यादा बिजली बिल भेजा

**गाजियाबाद।** वैशाली सेक्टर तीन में दुकानदारों को चार गुणा से ज्यादा बिजली बिल भेजने का मामला सामने आया है। दुकानदारों ने गर्मी जैसे मौसम में लोड ज्यादा रहने पर औसतन बिल 3500 रुपये तक आने और अब 15 हजार का बिल आने पर नाराजगी जताई है। ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

वैशाली सेक्टर तीन निवासी अजय गुप्ता ने बताया कि मई माह से उनकी दुकान का बिजली बिल औसतन 3300-3500 रुपये तक आ रहा था। नवंबर में ऊर्जा निगम की ओर से उनका बिजली बिल 15 हजार रुपये भेजा गया है। नवंबर माह में यूनिट खर्च भी 1543 दशार्या गया है जबकि सर्दी का मौसम होने से लगातार फ्रिज, कूलर पंखे भी नहीं चलाए जा रहे हैं। इसी तरह से सेक्टर तीन के दुकानदार राम किशन को 14 हजार रुपये व किशन लाल अरोरा को 14174 रुपये का बिल भेजा गया है।

पूरे बाजार में कई दुकानदारों को अनाप शनाप बिजली बिल बनाकर भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि बंद दुकान का बिल औसतन 1200 रुपये आता है और सर्दी के मौसम में लोड कम होने से बिल ज्यादा नहीं आता है, लेकिन बंद दुकानों का बिल भी चार हजार रुपये से ज्यादा का भेजा गया है।

इसकी शिकायत बिजली घर पर जाकर की जा चुकी है, लेकिन ऊर्जा निगम का स्टाफ पुराना लोड दिखाने व नये बढ़े बिजली बिल भेजे जाने के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहा है। इससे दुकानदारों को परेशानी हो रही है। उपखंड अधिकारी शशांक ने बताया कि मामला संज्ञान में है। मीटर और बिल में रीडिंग समान है। दुकानदारों की शंका को दूर करने के लिए चेक मीटर लगवाने का विकल्प दिया गया है। दुकानदार 530 रुपये जमा करा लोड की सत्यापन करा सकते हैं।

# जनवरी में हो सकती है सुनील शेट्टी की बेटी और अभिनेत्री अथिया शेट्टी की शादी

**● सामने आई अथिया और राहुल की शादी की तारीख**

बॉलीवुड में अपनी छाप छोड़ने वाले सुनील शेट्टी की बेटी और अभिनेत्री अथिया शेट्टी वैसे तो बॉलीवुड की कम ही फिल्मों में नजर आई हैं, लेकिन वह अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री के सुर्खियों में बने रहने की वजह उनकी प्रोफेशनल नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ है। अथिया और भारतीय क्रिकेट टीम के प्लेयर केएल राहुल का रिश्ता जगजाहिर है। दोनों की शादी खबरें आए दिन लाइमलाइट में बनी रहती हैं। पिछले कई साल से एक-दूसरे को डेट कर केएल राहुल और अथिया शेट्टी के फैंस के लिए अच्छी खबर है क्योंकि आज कपल की वेडिंग डेट्स को लेकर एक बड़ा



अपडेट आया है। र्षों से एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहे अथिया शेट्टी और केएल राहुल का प्यार किसी से छिपा नहीं है। दोनों अक्सर एक-दूसरे पर जमकर प्यार लुटाते नजर आते हैं, जिसे देख फैंस दोनों को जल्द से जल्द जीवन साथी के रूप में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। दोनों की शादी को लेकर पिछले काफी समय से अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। सुनील शेट्टी भी इस बात को बोल चुके हैं कि उनकी बेटी और राहुल की शादी जल्द होने वाली है और कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि दोनों नए साल की शुरूआत में यानी जनवरी महीने में सात फेरे लेंगे। इस खबर को सुनकर फैंस काफी खुश हो गए थे। लेकिन अब सामने आई रिपोर्ट्स में दोनों की शादी की डेट्स का खुलासा भी हो गया है। दरअसल, एक मीडिया संस्थान की रिपोर्ट के अनुसार केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी की रस्में 21 से 23 जनवरी 2023 तक होंगी। कपल की शादी में परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल होंगे। केएल राहुल से जुड़े सूत्र ने बताया है कि दोनों की शादी के निमंत्रण दिसंबर के अंत में भेजे जाएंगे। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 21 से शुरू होने वाले प्री-वेडिंग फंक्शन्स में हल्दी, मेहंदी और संगीत रखा जाएगा। इसके साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि केएल राहुल और अथिया साउथ इंडियन रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि अभी तक इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। केएल राहुल और अथिया शेट्टी की शादी के बाद एक ग्रैंड रिसेप्शन रखा जाएगा, जिसमें बॉलीवुड और खेल जगत से जुड़े सभी सेलिब्रिटीज शामिल होंगे। आपको बते दें, केएल राहुल ने बीसीसीआई से शादी की छुट्टी भी ले ली है। दरअसल, क्रिकेट प्लेयर ने बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के बाद ब्रेक मांगा है। बीसीसीआई के सदस्य का कहना है कि राहुल ने निजी कारणों से छुट्टी की मांग की है।

# 20 साल की उम्र में जीता ग्रैमी अवार्ड



बॉलीवुड से साउथ के सुपरस्टार्स के बारे में हमने अक्सर सुना है और उनकी चर्चा आए दिन किसी ने किसी वजह से होती ही रहती है। लेकिन आप जानते हैं अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के पास पॉप म्यूजिक का एक ऐसा हीरा है, जिसे पॉप वर्ल्ड की सुपरस्टार का टैग दिया गया है। हम बात कर रहे हैं अमेरिकी पॉप म्यूजिक इंडस्ट्री की मशहूर गायिका टेलर स्विफ्ट की। टेलर स्विफ्ट हमेशा अपने गानों से सभी का दिल जीत लेती हैं। अपने म्यूजिक से लेकर आवाज तक का जादू सभी पर चलाने वाली टेलर स्विफ्ट स्वतंत्र संगीत और संस्कृति का समर्थन करने के लिए भी जानी जाती हैं। गायिका ने अपनी गायकी के दम पर कई बड़े-बड़े अवॉर्ड अपने नाम करने के साथ ही बहुत से रिकॉर्ड भी बनाए हैं, जिससे वह लोगों की सबसे प्रिय बनी रहती हैं। वही टेलर स्विफ्ट आज अपना 33वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर हम आपको उनके बारे कुछ बातें बताने जा रहे हैं। टेलर स्विफ्ट का जन्म 13 दिसंबर 1989 को अमेरिका के पेंसिल्वेनिया शहर में हुआ था। अभिनेत्री और गायिका का पूरा नाम टेलर एलिसन स्विफ्ट है। टेलर स्विफ्ट का लेखन और गायन की कला की तरफ बचपन से ही झुकाव था। इस बात अंदाजा इससे पता लग सकता है कि जब वह चौथी कक्षा में थीं तब उन्होंने अपने द्वारा लिखी गई तीन पेज की कविता 'मोंस्टर इन माई क्लोजेट' के लिए राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता जीती थी। इतनी ही नहीं महज 10 साल की छोटी सी उम्र में टेलर स्विफ्ट ने गाने लिखना, कैरियोके प्रतियोगिता, समारोह और शहर के आसपास के मेलों में गाना शुरू कर दिया था। गायिका ने महज साल 2004 में अपना पहला रिकॉर्डिंग कॉन्ट्रेक्ट साइन कर लिया था।

# कंगना ने बयां किया बहन रंगोली के साथ हुए एसिड अटैक का दर्द

अपनी बातों को मुखरता से रखने के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड की क्वीन कंगना रणौत आए दिन किसी न किसी से पंगा लेती रहती हैं। वह अपनी बातों को इस ढंग से रखती हैं कि बिना नाम लिए ही दूसरे पर तंज कस देती हैं। लेकिन हाल ही में मंगलवार को दिल्ली के द्वारका में 17 वर्षीय लड़की पर हुए एसिड अटैक के बाद कंगना रणौत का दिल कांप उठा है। अभिनेत्री को अपनी बहन के साथ हुई एक दर्दनाक घटना याद आ गई है, जिसके बाद उन्होंने उस समय महसूस किए गए अपने डर को सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ साझा किया है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने एसिड अटैक पर गौतम गंभीर के दिए बयान का भी समर्थन किया है। कंगना रणौत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने उन दिनों को याद किया, जब उनकी बहन रंगोली चंदेल के ऊपर हुए एडिस अटैक हुआ था। इसके साथ ही अभिनेत्री ने फैंस को इस हादसे के बाद अपने डर के बारे में भी बताया। कंगना बोलीं कि जब भी हर बार कोई अजनबी उनके पास से गुजरता था तो वह अपना चेहरा ढक लेती थीं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कंगना ने लिखा, 'जब मैं टीनएजर थी तब मेरी बहन रंगोली चंदेल पर सड़क किनारे एक रोमियो ने तेजाब फेंका था... उसे 52 सर्जरी से गुजरना



पड़ा था। इतना ही नहीं उसे अकल्पनीय मात्रा में मानसिक और शारीरिक आघात का सामना भी करना पड़ा था। हम उस एक परिवार के रूप में पूरी तरह से टूट गए थे .... मुझे भी थेरेपी से गुजरना पड़ा था क्योंकि मुझे डर था कि कोई भी मेरे पास से गुजरेगा तो मुझ पर तेजाब फेंक सकता है जिसके कारण हर बार एक बाइक या एक कार के मेरे पास से गुजरने के बाद मैं तुरंत अपना चेहरा ढक लेती थी। मैं इन सब से निकल गई....लेकिन ये अत्याचार बंद नहीं हुए .... सरकार को इन अपराधों के खिलाफ बहुत कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है .... मैं गौतम गंभीर से सहमत हूं, हमें एसिड हमलावरों के खिलाफ बहुत सख्त कदम उठाने की जरूरत है।'रंगोली अब शादीशुदा हैं और उनका पांच साल का बेटा पृथ्वीराज है। वह अक्सर फिल्म कार्यक्रमों और स्क्रीनिंग में अभिनेता के साथ जाती हैं। हमले के समय वह 21 वर्ष की थी और थर्ड डिग्री बर्न की शिकार हुई थी। कंगना ने खुलासा किया था कि रंगोली का आधा चेहरा जल गया था, एक आंख की रोशनी चली गई, एक कान पिघल गया और एक ब्रेस्ट को गंभीर रूप से आघात पहुंचा था। बता दें, मंगलवार को एक बाइक पर दो नकाबपोश लोगों ने कक्षा 12 की छात्रा पर तेजाब फेंक दिया था। वह अपने घर से स्कूल के लिए निकली थी। रिपोर्ट्स के अनुसार लड़की आठ प्रतिशत जली हुई है और सफदरजंग अस्पताल के बर्न आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

# मेघना ने अपने पिता का साथ कभी भी नहीं छोड़ा

बॉलीवुड की सबसे प्रतिभावान महिला निर्देशकों में मेघना गुलजार नाम जरूर शुमार किया जाता है। मेघना मशहूर गीतकार-निर्देशक गुलजार और अभिनेत्री राखी की बेटी हैं। वह हर साल 13 दिसंबर को अपना जन्मदिन मनाती हैं। मेघना का जन्म साल 1973 मे मुंबई में हुआ था। उनके जन्म के कुछ ही समय बाद गुलजार और राखी अलग हो गए। हालांकि मेघना ने अपने पिता का साथ कभी भी नहीं छोड़ा। मुंबई से ही उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की और बाद में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की कोशिशों में जुट गईं हालांकि अपने करियर की शुरूआत उन्होंने फिल्मों से नहीं बल्कि एक अंग्रेजी अखबार में फ्रीलांसर के तौर पर की थी। यहां पर कुछ वक्त तक काम करने के बाद उनकी दिलचस्पी बॉलीवुड की तरफ ज्यादा बढ़ने लगी और उन्होंने इसी इंडस्ट्री में काम करने का मन बना लिया। शुरूआती दिनों में उन्होंने मशहूर डायरेक्टर सईद मिर्जा के सहायक के तौर पर काम किया।

इसके बाद वह फिल्मों से जुड़ी बारिकियों को सीखने के लिए न्यूयॉर्क चली गईं। वहां उन्होंने फिल्म मेकिंग का शॉर्ट कोर्स किया। इसके बाद वह भारत लौट आईं और अपने पिता गुलजार की फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक काम करने लगीं।

# बीपी के साथ बैड कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा तो हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा

गलत लाइफस्टाइल और खान-पान की वजह से आज अधिकांश लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ रहता है. बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर के कारण हार्ट, ब्रेन, किडनी और अन्य तरह की बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया भर में करीब 1.28 अरब लोगों का बीपी बढ़ा हुआ है लेकिन दुर्भाग्य से इनमें से 46 प्रतिशत को पता भी नहीं है कि उन्हें ब्लड प्रेशर की बीमारी है। करीब 70 करोड़ लोग बीपी का इलाज भी नहीं कराते हैं. यही वजह है कि हाई बीपी के साथ शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है. अब एक नए अध्ययन में कहा गया है कि जिसे हाई बीपी के साथ बैड कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ है उसमें हार्ट अटैक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। मुताबिक अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के एक अध्ययन



में पाया गया कि जिसे हाइपरटेंशन या हाई बीपी है और उसमें लाइपोप्रोटीन का लेवल भी बढ़ा हुआ तो उसमें हार्ट डिजीज का जोखिम 18 से 20 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। लाइपोप्रोटीन एक प्रकार का बैड कोलेस्ट्रॉल है जो हार्ट की ओर जाने वाली धमनियों में जमा होने लगता है जिससे हार्ट की ओर खून कम पहुंचता है। इससे हार्ट को पंप करने में परेशानी होती है। हालांकि अध्ययन में यह भी कहा गया कि जिसे हाई बीपी नहीं है और यदि उसका लाइपोप्रोटीन बढ़ा हुआ है तो उसे यह खतरा नहीं है। दरअसल, हाई बीपी का मतलब ही है कि कई तरह की दिल से संबंधित दिक्कतें हो जाना. इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता नोर्थ कैरोलिना में फॉरिस्ट बेप्टिस्ट मेडिकल सेंटर में विशेषज्ञ ऋषि रिखि ने बताया कि लाइपोप्रोटीन आनुवांशिक रूप से बैड कोलेस्ट्रॉल है। यानी जिसके निकटतम परिवार में पहले से बैड कोलेस्ट्रॉल की समस्या है, उसमें लाइपोप्रोटीन की मात्रा बढ़ने का हमेशा जोखिम रहता है। उन्होंने कहा, ह्नहमने अपने अध्ययन में पाया है कि हाइपरटेंशन वाले व्यक्ति जिन्हें पहले कभी भी हार्ट अटैक या स्ट्रोक का सामना न करना पड़ा है, अगर उसमें लाइपोप्रोटीन का लेवल बढ़ा हुआ है तो निकट भविष्य में उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

# राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के उद्घाटन के बाद भी चिकित्सकों का इंतजार




**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के उद्घाटन के बाद भी अभी मरीजों को सुविधा के लिए चिकित्सकों का इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल पांच चिकित्सकों के सहारे ही अस्पताल की ओपीडी संचालित हो रही है। कपिंग थेरेपी को शुरू करने के लिए भी स्टाफ की मांग की गई है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी की संबद्धता की प्रक्रिया जनवरी से शुरू की जाएगी। निर्माण के तीन महीने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यूनानी संस्थान का लोकार्पण किया। तीन महीने में अभी अस्पताल में महज पांच चिकित्सक तैनात हुए हैं। संस्थान के सीईओ प्रो. जुल्कीफल ने बताया कि ओपीडी में महिला रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, सर्जन और हड्डी रोग विशेषज्ञ इलाज कर रहे हैं हृदय रोग के मरीजों का स्वयं इलाज कर रहे हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध होने के बाद छात्रों का दाखिला शुरू होगा। इसके बाद एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड और खून की जांच शुरू होगी। सीईओ ने बताया कि कपिंग थेरेपी या हिजामा चिकित्सा के लिए भी अभी स्टाफ की जरूरत है जिसकी डिमांड भेजी गई है। 15 नवंबर से इसे शुरू करने की योजना बनाई गई थी। चिकित्सकों की तैनाती कर दी गई है, लेकिन अभी थेरेपी शुरू करने केलिए पैरामेडिकल स्टाफ की जरूरत है। जनवरी तक स्टाफ की तैनाती की उम्मीद है। इसके बाद औषधीय मालिश सहित स्टीम बाथ, हिप बाथ, सोना बाथ आदि की सुविधाएं भी शुरू होंगी। इस अस्पताल में 200 बेड के साथ उच्च तकनीक और उपकरणों से लैस आईसीयू भी है। 10 एकड़ में बने इस अस्पताल में छात्र अनुसंधान भी कर सकेंगे जिसके लिए 50 करोड़ की लागत से लैब भी बनाया गया है। छात्र-छात्राओं के लिए 154 छात्रावास बने हैं और 73 स्टाफ क्वार्टर हैं। इसमें आईसीयू, पांच ऑपरेशन थियेटर, प्रसूति विभाग, ब्लड बैंक, डिजिटल एक्सरे कक्ष, एमआरआई, सीटी स्कैन, इमरजेंसी, नर्सरी और प्राकृतिक चिकित्सा का भी इंतजाम है।

# फार्म हाउस पर की गई सीलिंग की कार्रवाई के बाद अधिकारी मौन



**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेश के बाद सोहना में दमदमा झील के संरक्षित क्षेत्र में फार्म हाउस पर की गई सीलिंग की कार्रवाई के बाद अधिकारी मौन हो गए हैं। उपरोक्त फार्म हाउस अमरीक सिंह नामक एक पंजाबी गायक का बताया जाता है। यह भी चर्चा है कि अमरीक सिंह पंजाबी दलेर मेहंदी के भाई हैं, जोकि मीका के नाम से प्रसिद्ध हैं। अरावली क्षेत्र में दमदमा झील का भी क्षेत्र संरक्षित है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण अवैध है। इसके बावजूद कुछ लोगों ने यहां अवैध रूप से फार्म हाउस बना रखे हैं। इन्हीं फार्म हाउस में से तीन फार्म हाउस का मामला एनजीटी में विचाराधीन था। एनजीटी में सोन्या घोष बनाम हरियाणा सरकार का मामला विचाराधीन था। अब एनजीटी ने सरकार के पक्ष में आदेश दिया। एनजीटी के आदेश के बाद बीते मंगलवार को डीटीपी प्रवर्तन अमित मधोलिया की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी। इस दौरान वहां दो फार्म हाउस सील किए गए थे। सीलिंग की इस कार्रवाई के दौरान डीटीपी प्रवर्तन के अलावा एटीपी सुमित मलिक, दिनेश सिंह, रोहन, शुभम आदि स्टाफ मौजूद रहा था। अधिकारियों ने सीलिंग की कार्रवाई तो कर दी, लेकिन इस बारे में यह बताने से कतरा रहे है कि आखिर सील किए गए फार्म हाउस के मालिक कौन हैं। कोई भी प्रशासनिक अधिकारी इस बारे में खुलकर नहीं बोल रहा है।

सोहना प्रशासन ने स्वीकार किया है कि उपरोक्त सील किया गया एक फार्म हाउस दलेर मेहंदी परिवार से ताल्लुक रखता है, लेकिन अधिकारिक रूप से वह भी इस मामले में कुछ भी कहने से बचते रहे। गुरुग्राम के जिला नगर एवं ग्राम आयोजना अधिकारी अमित मधोलिया ने बताया कि हमने रोजका गुजर गांव में दमदमा झील पर एक द्वीप पर स्थित 3 अनधिकृत फार्महाउस को सील कर दिया है। ये 3 संपत्तियां कृषि भूमि पर बनी हैं।

# नए साल की शुरूआत में ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का निर्माण कार्य शुरू होने के आसार



**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट मेट्रो के लिए प्रोजेक्ट इन्वेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) ने सिफारिश कर दी है। बजट पर सहमति और प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने में अब केवल कैबिनेट का अप्रूवल बाकी है। ऐसे में नए साल की शुरूआत में ग्रेनो वेस्ट मेट्रो का निर्माण कार्य शुरू होने के आसार हैं। दिल्ली में बीते 17 नवंबर को पीआईबी की बैठक हुई थी। बैठक में सेक्टर-51 नोएडा से नॉलेज पार्क-5 ग्रेटर नोएडा तक ग्रेनो वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर की चर्चा हुई थी। फाइनेंस सेक्रेट्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के सचिव के अलावा अलग-अलग मंत्रालयों के अधिकारी और नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) की एमडी भी उपस्थित रहीं। बैठक में एमडी रितु माहेश्वरी ने पीआईबी के सामने प्रजेंटेशन दिया। प्रजेंटेशन के बाद पीआईबी ने सहमति जताई है। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार पहले ही प्रोजेक्ट पर अपनी संस्तुति दे चुकी है। अब इसके बाद प्रोजेक्ट को कैबिनेट अप्रूवल के लिए पेश किया जाएगा। यहां से मंजूरी के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने का रास्ता खुल जाएगा। हालांकि इस प्रक्रिया में करीब एक से दो माह का समय लग सकता है। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर के डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू कराने के लिए पांचवीं बार टेंडर निकाला जाएगा। चौथी बार में तीन एजेंसियां सामने आ गई थीं। लेकिन डीपीआर को मंजूरी नहीं मिली थी। लिहाजा एनएमआरसी की एमडी की ओर से डीपीआर की मंजूरी के बाद ही टेंडर निकालने का फैसला लिया गया था। जिससे एजेंसी चयन के बाद काम शुरू कराया जा सके। पहले के दो बार में दो-दो एजेंसियां आईं। तीसरी और चौथी बार में भी दो-दो एजेंसियों ने टेंडर डाले थे। लेकिन बाद में टेंडर निरस्त कर दिया गया। 14.958 किमी लंबे कॉरिडोर को बनाने में 2197.49 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कॉरिडोर में 9 स्टेशन होंगे। एनएमआरसी की कोशिश है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट कॉरिडोर का काम जल्द से जल्द शुरू हो जाए।

# G-20 Summit की तैयारियों को लेकर LG की समीक्षा बैठक

**दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए राजधानी की सड़कों और परिवहन व्यवस्था को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा। बुधवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अध्यक्षता में तैयारियों की समीक्षा के लिए हुई बैठक में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पहलुओं पर मंथन किया गया। फ्लाईओवर और सड़कों का सौंदर्यीकरण, डबल डेकर बसें चलाने के साथ- साथ प्रतिनिधियों और आगंतुकों के लिए होटल, रेस्तरां, बाजारों को भी नए सिरे से विकसित किया जाएगा। बैठक में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मंत्री कैलाश गहलोत, राज कुमार आनंद, मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, अध्यक्ष (एनडीएमसी), वीसी (डीडीए), विशेष अधिकारी (एमसीडी), आयुक्त (एमसीडी) और पीडब्ल्यूडी जैसे सभी संबंधित विभागों के प्रमुख , डीजेबी, डीटीसी, परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य और पर्यटन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। अस्वस्थ होने की वजह से मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हो सके। उपराज्यपाल ने जी-20 शिखर सम्मेलन को राष्ट्रीय राजधानी के लिए दुनिया के सामने खुद को प्रदर्शित करने के लिए एक अभूतपूर्व अवसर बताया। एलजी ने इस बात पर जोर दिया कि मील के पत्थर का इस्तेमाल दिल्ली को हमेशा के लिए स्वच्छ और उत्सव के लिहाज से उभरने के लिए किया जाना चाहिए। एलजी ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर पिछले छह महीनों में आईजीआई एयरपोर्ट रोड से धौला कुआं तक सड़क के विस्तार के सौंदर्यीकरण के लिए कई कदम उठाए हैं। दिल्ली में होने वाले आठ आयोजनों के लिहाज से पूर्ण बदलाव और नवीनीकृत करने को जरूरी बताया। एक मार्च, 2023 से जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात होगी। 9-10 सितंबर को सरकारों और राज्यों के प्रमुखों की शिखर बैठक के साथ समापन होगा। उपराज्यपाल ने बताया कि मार्च में पहले आयोजन में महज 108 दिन बचे हैं, जबकि सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में 250 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ कार्यों के लिए बहुत कम वक्त है। रिकॉर्ड समय में दिल्ली को नवीनीकृत और बदलाव का मौका मिला है। एलजी ने कहा कि कार्यों के निष्पादन के लिए एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय के साथ साथ एक टीम के तौर पर काम करने की जरूरत है। एलजी ने आगाह किया कि कार्यों में किसी भी चूक को बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदारियां तय करते हुए सख्त कार्रवाई भी होगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आगामी शिखर सम्मेलन और इससे संबंधित कार्यक्रमों को दिल्ली के एक बड़ा अवसर बताया। साथ ही कहा कि मेजबान शहर के रूप में दिल्ली की सफलता सुनिश्चित करना सरकार की एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। इस मौके पर अध्यक्ष (एनडीएमसी) की ओर से एक प्रस्तुति पेश की गई। इसमें चार अहम बिंदुओं को दशार्या गया।

# नोएडा में नई डॉग पॉलिसी लागू, हर साल देना होगा शुल्क

नोएडा में नई डॉग पॉलिसी लागू हो गई है। प्राधिकरण की 207वीं बोर्ड बैठक में पॉलिसी पर मुहर लगाने के बाद इस मसले पर आरडब्ल्यूए, अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए), एनजीओ और आमलोगों से सुझाव मांगे गए थे। सुझाव के आधार पर बदलाव कर प्राधिकरण ने सोमवार से पॉलिसी लागू कर दी। लागू की गई पॉलिसी में शेल्टर होम, फीडिंग प्वाइंटर, पंजीकरण, नवीनीकरण, नसबंदी, टीकाकरण के नियम तय किए गए हैं। साथ ही नियम का पालन नहीं करने पर 500 रुपये से दस हजार रुपये तक जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। मामले में एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया (एडब्ल्यूबीआई) और शासन की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने की बात कही गई है।

साथ ही स्पष्ट किया गया है कि प्राधिकरण की पॉलिसी के अतिरिक्त आरडब्ल्यूए, एओए और गांव के निवासी या संगठन कोई भी प्रतिबंध या नियम नहीं बना सकते हैं। पालतू कुत्तों के मालिकों के तय दायित्वों के तहत घर के बाहर जानवरों को पट्टे में घुमाना अनिवार्य कर दिया गया है साथ ही घर के बाहर अकेले छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पालतू कुत्तों को सोसाइटी की सर्विस लिफ्ट से ही ले जाने की अनुमति होगी। एडब्ल्यूबीआई गाइडलाइंस के मुताबिक लिफ्ट में पालतू कुत्ते को ले जाते समय मजल का प्रयोग करना होगा। अगर पालतू कुत्ता सार्वजनिक स्थान पर शौच करता है तो उसकी सफाई की जिम्मेदारी कुत्ते के मालिक की होगी। पालतू कुत्ते को लावारिस छोड़ने पर प्राधिकरण कानूनी कार्रवाई करेगा।

## बिना रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड चलाने पर किया सील



**गाजियाबाद।** बागपत-दिल्ली रोड स्थित एम डायग्नोस्टिक सेंटर पर बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। सेंटर पर बिना रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था। टीम ने रजिस्टर को कब्जे में लेकर सेंटर को सील कर दिया। प्री कंसेप्शन एंड प्री नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स (पीसीपीएनडीटी) के नोडल अधिकारी डॉ. चरण सिंह ने बताया कि सेंटर की शिकायत मिलने पर विभाग की तरफ से संचालक को नोटिस जारी किया गया था। बृहस्पतिवार को निरीक्षण के दौरान अल्ट्रासाउंड होता मिला लेकिन वहां पर कोई पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट नहीं मिले। पांच लोगों का अल्ट्रासाउंड किया जा चुका था और 10 लोग इंजतार में बैठे थे। उन्होंने बताया कि सेंटर पर न तो रेडियोलॉजिस्ट का नाम लिखा था और न ही क्लीनिक में बैठने का समय अंकित था जो नियम के विरुद्ध है। संचालक भी मौके से नदारद मिले। इसके अलावा मैक्स लैब का निरीक्षण किया गया वहां सब ठीक मिला। टीम में एसडीएम हिमांशु वर्मा और तहसीलदार शिव नारायण सिंह शामिल रहे।

## व्यापारियों ने किया जीएसटी की कार्रवाई का विरोध

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में जीएसटी विभाग द्वारा की जा रही छापामार कार्रवाई के विरोध में नगर के व्यापारी एसआईबी कमिश्नर ग्रेड वन से मिले। व्यापारियों ने विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। कमिश्नर ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक पंकज गर्ग के नेतृत्व में व्यापारी संगठनों का एक प्रतिनिधिमंडल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड वन एसआइबी ओपी तिवारी से मिला। फिर छापों के संबंध में अपना विरोध प्रकट किया। पंकज गर्ग ने बताया कि पिछले सप्ताह से गाजियाबाद जनपद में जीएसटी विभाग के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापे डाल रहे हैं। बाजारों में व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। इन छापों से व्यापारी आतंकित व भयभीत है, जैसे ही बाजार में गाड़ी आती है। बाजार बंद हो जाता है। जिससे विभाग को राजस्व की हानि हो रही है। कमिश्नर ने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होने नहीं दिया जाएगा। 40 लाख से कम टर्नओवर वाले व्यापारियों को पंजीयन की आवश्यकता नहीं है, जो व्यापारी स्वेच्छा से पंजीयन लेना चाहते हैं। सिर्फ उन्हीं व्यापारियों का पंजीयन किया जाएगा। लखनऊ से प्राप्त आदेशों मे सरकार ने फिलहाल इस अभियान को स्थगित कर दिया है।



## आरडब्ल्यूए और फ्लैट ऑनर फेडरेशन ने की समस्याओं पर चर्चा


**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को गाजियाबाद फ्हअ फेडरेशन और फ्लैट ऑनर फेडरेशन की ज्वाइंट बैठक आयोजित हुई। इसमें करीब 25 लोग शामिल हुए। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से नगर निगम को रूबरू कराया और इनके निस्तारण की मांग की। इंदिरापुरम, राजनगर एक्सटेंशन से आए आरडब्लूए पदाधिकारियों ने भी अपनी समस्या बताई।

सफाई, सीवर, पथ-प्रकाश विभाग से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज ने इन्हें एक सप्ताह में निस्तारित कराने की बात कही। कर्नल टीपीएस त्यागी ने नगर निगम के क्विक रिएक्शन टीम्स कार्यक्रम की सराहना की। नगरायुक्त नितिन गौड़ ने काह कि नगर निगम की समस्याओं के समाधान में आरडब्ल्यूए फेडरेशन का विशेष सहयोग रहता है। बैठक में ट्रांस हिंडन आरडब्ल्यूए से कैलाश चंद्र शर्मा, आरपी शर्मा, अनुज त्यागी आरडब्ल्यू इंदिरापुरम, मनीष सक्सेना गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए से, संध्या त्यागी न्यू आर्य नगर से, सुनीता भाटिया आदि मौजूद रहे। गाजियाबाद नगर निगम इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के माध्यम से शहर की समस्याओं को निपटा रहा है। इसके साथ ही शहर के संसाधनों पर नगरायुक्त और महापौर सीधी नजर बनाए हुए हैं। इसको और बेहतर बनाने के लिए नगरायुक्त नितिन गौड़ ने बुधवार को नई दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के कंट्रोल सेंटर का जायजा लिया। वहां जाकर आईटी टीम से चर्चा की। नगरायुक्त के अनुसार, वहां एक ही स्थान पर 17 प्रकार की एप्लीकेशन्स की मॉनीटरिंग की जाती है।



## साइट-4 में बिना लाइसेंस के बन रहे थे खिलौने

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद साइट फोर औद्योगिक क्षेत्र में बिना लाइसेंस के खिलौना बना रही फैक्टरी पर भारत मानक ब्यूरो की टीम ने छापा मारकर कार्रवाई की है। टीम ने मौके से दो हजार खिलौने जब्त किए हैं।



बीआइएस की टीम ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-चार में तलाशी और जब्ती का अभियान चलाया। इस दौरान मेसर्स फनराइड टॉयज एलएलपी फर्म को बिना किसी वैध लाइसेंस के खिलौना बनाते हुए पाया। ब्यूरो के उप निदेशक दिव्यांशु यादव ने बताया कि अभियान के दौरान भारी मात्रा में बिना लाइसेंस के खिलौने बनाते पाए गए। 12 असेंबली लाइनों में खिलौनों की असेंबली का काम चल रहा था। इस दौरान तैयार खिलौनों के लगभग दो हजार पीस उपलब्ध थे। फर्म को दूसरी कंपनी के लाइसेंस का दुरुपयोग करते पाया गया। परिसर में उपलब्ध सभी खिलौनों को जब्त कर लिया गया है, जिनमें सभी खिलौनों को सुबूत के तौर पर सील कर दिया गया है और फर्म में सुपरदारी के तहत रखा है। इस दौरान सहायक निदेशक हरीश मीणा, सहायक निदेशक मोहित कुमार स्वामी, लिंक रोड पुलिस सहित गाजियाबाद की पुलिस बल मौजूद रही।

## मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच ने सारा गांव के कंपोजिट विद्यालय में किया निरीक्षण

**गाजियाबाद।** मोदीनहर विधायक डा मंजू शिवाच ने निवाड़ी क्षेत्र के सारा स्थित कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं और उनके शैक्षिक स्तर से संबंधित जांच की। डा मंजू शिवाच मंगलवार दोपहर को अपनी टीम के साथ सारा गांव के कंपोजिट विद्यालय में पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कक्षा में पढ़ाई कर रहे बच्चों से विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनमें से अधिकांश सवालों का बच्चों ने सही उत्तर भी दिया। प्रश्नों के अलावा बच्चों से किताब की रीडिंग भी कराई। विधायक ने बच्चों के प्रयास की सराहना की और उनका हौसला भी बढ़ाया। विधायक ने बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील ,उनकी सुविधा के लिए



शौचालय ,पीने का पानी आदि की व्यवस्था भी देखी तथा वहां मौजूद स्टाफ से बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया के निर्देश दिए। विधायक मंजू शिवच ने स्कूल में साफ सफाई करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों को चेतावनी दी है कि जब वह दोबारा निरीक्षण आयेगी तो स्कूल में साफ सफाई ठीक होनी चाहिए इस अवसर पर प्रधानाचार्य दर्शन कुमार बंसल , अध्यापक गणों में बिंदिया , कल्पना रानी, अलका, ललित उपस्थित रहे। विधायक प्रत्येक पखवाडे में अपने विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय का निरक्षण करती हैं।

## फिरौती में मांगा डोगो अर्जेंटीनो नस्ल का कुत्ता

**नोएडा।** विश्व में सार्वाधिक महंगे 26 कुत्तों की प्रजाति में एक डोगो अर्जेंटीनो नस्ल के डॉगी ह्यसुल्तानह्व के लिए कुछ दबंगों ने कुत्ता मालिक के भाई को ही अगवा कर लिया। स्कार्पियो में सवार दबंगों ने कुत्ता मालिक को फोन कर उसके भाई को छोड़ने के एवज में डोगो अर्जेंटीनो नस्ल का कुत्ता देने मांग की है। कुत्ते के मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों पर दबाव बनाया तो अपहरणकर्ता पीड़ित को अमलीगढ़ की सीमा पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपहरणकताओं की तलाश शुरू कर दी है। ग्रेनो की यूनिटेक होरिजन सोसाइटी निवासी शुभम प्रताप सिंह ने बताया कि सेक्टर अल्फा-2 में उनका एक मकान है। इस मकान में उन्होंने डोगो अर्जेंटीनो नस्ल का कुत्ता सुल्तान पाला हुआ है। सुल्तान नौ माह का है। शुभम का ममेरा



भाई राहुल (30) भी इसी मकान में रहता है। मकान में कुछ लोग किराए पर भी रहते हैं। शुभम ने बताया कि बुधवार कि सुबह राहुल घर पर मौजूद था। इस बीच स्कॉर्पियो कार में अलीगढ़ के तीन युवक विशाल, ललित और मोंटी उनके अल्फा-2 स्थित घर पहुंचे। विशाल का भाई पुनीत भी शुभम के घर में किराए पर रहता है। शुभम ने बताया कि विशाल को उनके घर में बैठा कुत्ता पसंद आ गया। विशाल ने राहुल से कुत्ते को ले जाने की बात की लेकिन राहुल ने मना कर दिया कि कुत्ता मेरा नहीं है, उसके भाई शुभम का है। पहले तो दोनों ओर से कुत्ते को ले जाने को लेकर बहस हुई। इसके बाद विशाल और उसके दोनों साथियों ने राहुल को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। शुभम ने डोगो अर्जेंटीनो नस्ल के कुत्ते को लाने में डेढ़ लाख खर्च किए थे। उनका दावा है कि ओरिजनल ब्रीड के केवल चार कुत्ते ही भारत में हैं। उनमें से एक उनका कुत्ता है। उनके पास हस्की, रोट विलर और जर्मन शेफर्ड मूल के कुल छह कुत्ते हैं।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.